अमर उजाला (Amar Ujala)

दिनाँक (Dated): 01/03/2022	पृष्ठ सं० (Page No). 06	क्रम सं०(Serial No.) 08

सीआईएसएफ के जवान ने बचाई बच्ची की जान

निर्माण विहार मेट्रो स्टेशन पर खेलने के दौरान 20 फीट ऊंचे रेलिंग में फंसी

अमर उजाला ब्यूरो

नई दिल्ली। निर्माण विहार मेट्रो स्टेशन पर तैनात केंद्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल (सीआईएसएफ) के जवानों ने 10 साल की बच्ची की जान बचाई है। वह खेलने के दौरान मेट्रो स्टेशन गेट नंबर एक की सीढ़ी से सटी दीवार पर चढ़ गई और लोहे की ग्रिल में फंस कर रोने लगी। जिस जगह पर बच्ची फंस गई थी वह जमीन से करीब 20 फीट ऊंचा था।

सीसीटीवी कंट्रोल रूम में तैनात सीआईएसएफ के जवान ने बच्ची को देखकर इस बात की जानकारी क्विक रिएक्शन टीम के जवानों को दी। वहां पहुंचकर एक जवान उस जगह पर पहुंचकर बच्ची को सुरक्षित बचा लिया। रविवार शाम करीब छह बजे निर्माण विहार मेट्रो स्टेशन पर खेलते समय 10 वर्षीय बच्ची गेट नंबर-1 की सीढ़ी से सटी दीवार पर चढ़ गई। वह दीवार से सटी लोहे की ग्रिल को पकड़कर करीब लगभग 20 फीट ऊंची जगह पर पहुंच गई। वहां से नीचे देखने पर वह डर गई और जोर-जोर से रोने लगी। बच्ची को रोते देख वहां लोगों की भीड़ जमा हो गई, लेकिन कोई भी बच्ची को वहां से उतारने की कोशिश नहीं कर पाया। सूचना मिलने पर सीआईएसएफ के सिपाही एनके नायक ने सूझबूझ से काम लिया और ग्रिल को पकड़कर बच्ची के पास पहुंचा और उसे सुरक्षित निकाल लिया।

वायरल वीडियो से लिया गया फुटेज। अमर उजाला